सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 182 | इंदौर, गुरुवार 15 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● मकर संक्राति की रात भोपाल में दर्दनाक सड़क हादसा

## 5 लोगों की मौत और 9 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मकर संक्राति की रात भोपाल के बैरसिया में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। पिकअप गाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर के बाद यह हादसा हुआ है। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई और मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई है। नौ लोग घायल हैं। सभी मृतक विदिशा जिले के सिरोंज के रहने वाले हैं। मकर संक्राति पर नर्मदा स्नान के लिए सिरोंज से होशंगाबाद जा रहे थे। हादसे के बाद सड़क पर सबके शव बिखरे हुए थे। दुर्घटना बुधवार रात नौ बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को राहत पहुंचाई है। हादसे की वजह से सड़क पर गाड़ियों की कतार लग गई थी। इसके बाद नौ घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि बैरसिया के पास भोपाल रोड पर पिकअप गाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत हुई है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है और नौ लोग घायल हैं। सभी मृतक सिरोंज के बताए जा रहे हैं।

●इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से हैः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए इंदौर को दी

# 800 करोड़ से अधिक की सौगात

## स्वच्छ जल अभियान के तहत अमृत 2.0 योजना की ऐतिहासिक परियोजना का किया भूमिपूजन





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज इंदौर देश का सबसे तेज़ी से विकसित होने वाला शहर बन चुका है। विकास, स्वच्छता, उद्योग, व्यापार और सुशासन के क्षेत्र में इंदौर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिस पर पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है। इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से है। आज प्रदेश का हर जिला इंदौर जैसा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सरकार, नगर निगम और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के साथ खड़े रहकर हरसंभव प्रयास किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने की दिशा में स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत अमृत 2.0 इंदौर जलप्रदाय योजना (पैकेज–1) के तहत 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित जलप्रदाय परियोजना का विधिवत भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में घटित जल-जनित घटना ने सभी को पीड़ा पहुँचाई है। उन्होंने इस घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि तिल-तिल करके आगे बढ़ने का संकल्प है। जैसे इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है और प्रकाश बढ़ता है, वैसे ही इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि आज इंदौर देश का सबसे तेज़ी से विकसित होने वाला शहर बन चुका है। विकास, स्वच्छता, उद्योग, व्यापार और सुशासन के क्षेत्र में इंदौर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिस पर पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है। आज प्रदेश का हर जिला इंदौर जैसा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सरकार, नगर निगम और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के साथ खड़े रहकर हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपदा के समय राजनीति करना इंदौर स्वीकार नहीं करेगा। सकारात्मक और रचनात्मक विपक्ष लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन पीड़ा पर राजनीति करना सर्वथा अनुचित है। नर्मदा जल परियोजनाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा और निमाड़ क्षेत्र को नर्मदा जल से जोड़ने के लिए वर्षों संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरदार सरोवर बांध को पूर्ण कर देश को जल सुरक्षा देने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसके माध्यम से सिंचाई क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश में आज 56 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो सकी है। उन्होंने नदी जोड़ो परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्वती–कालीसिंध–चंबल परियोजना राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए वरदान सिद्ध होगी। केन–बेतवा नदी जोड़ो अभियान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था, जिसे आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक गांव और प्रत्येक शहर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग से इंदौर आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर आगे बढ़ेगा, सरकार पूरी मजबूती से इंदौर के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के पूर्व जीवन दायिनी मां नर्मदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। उन्होने सभागृह परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए।

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंदौर में नर्मदा के जल आंदोलन तथा नर्मदा के जल लाने की संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इंदौर का ऐतिहासिक जनआंदोलन था। उन्होंने कहा कि नर्मदा जल परियोजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि इंदौर की जनशक्ति और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि नर्मदा नहीं आती, तो इंदौर आज जिस रूप में है, वह कभी नहीं बन पाता। उन्होंने इंदौर की स्वच्छता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की पहचान केवल विकास से नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से बनी है। देर रात तक शहर की सफाई में जुटने वाले सफाई कर्मी इंदौर की असली ताकत हैं। इंदौर की स्वच्छता पर हम सबको गर्व है। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह घरों से कचरा गाड़ियों में स्वयं नागरिकों द्वारा कचरा डालना इंदौर की जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर नंबर वन था, इंदौर नंबर वन है और इंदौर नंबर वन रहेगा। नर्मदा, स्वच्छता और जनता के स्वाभिमान से बनी इंदौर की आन-बान-शान को कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसी संकल्प को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में साकार रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य तेज गति से संचालित हो रहे हैं और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह विकास केवल अधोसंरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संसाधन और रोजगार के क्षेत्रों में भी नए आयाम स्थापित कर रहा है।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इंदौर के भविष्य की जल-आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 1100 करोड़ रुपये की योजना को दूरदृष्टि के साथ 2400 करोड़ रुपये तक विस्तार दिया। यह निर्णय आने वाले दशकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लिया गया है। आज की भूमिपूजित परियोजना केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत 10 वर्षों का संचालन एवं संधारण (O&M) भी शामिल है। इससे शहर को लंबे समय तक सुचारु, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। परियोजना पूर्ण होने पर इंदौर की वर्तमान एवं भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं की प्रभावी पूर्ति संभव होगी। यह परियोजना इंदौर को स्वच्छ, पर्याप्त और भरोसेमंद पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की प्रमुख विशेषताएँ जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में 1650 एम.एल.डी. क्षमता का नवीन इन्टेकवेल, 2235 एम.एम. व्यास की रॉ-वाटर एवं क्लीयर-वॉटर पम्पिंग मेन का निर्माण, निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 11 के.व्ही., 33 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. विद्युत सब-स्टेशन, उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 400 एम.एल.डी. क्षमता का आधुनिक जलशोधन संयंत्र तथा जल-दबाव संतुलन हेतु 12 एम.एल.डी. क्षमता का ब्रेक प्रेशर टैंक का निर्माण किया जाना है। कार्यक्रम को विधायक श्री मधु वर्मा ने भी संबोधित किया।

**गरिमामयी उपस्थिति :** कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, श्री मधु वर्मा, श्री महेन्द्र हार्डिया तथा श्री मनोज पटेल, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण चावड़ा, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, पूर्व महापौर श्री कृष्ण मुरारी मोघे, श्री प्रताप करोसिया, महापौर परिषद के सदस्यगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सज्जन सिंह वर्मा ने दिया धरना

# मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को ध्वस्त करने मामले में किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। वाराणसी (काशी) में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को ध्वस्त करने से पूरे देश के साथ-साथ इंदौर में भयंकर जनाक्रोश पैदा कर दिया है। इंदौर शहर कांग्रेस के नेतृत्व में बुधवार को राजबाड़ा स्थित देवी अहिल्या प्रतिमा के समक्ष विशाल मौन धरना आयोजित किया गया। कांग्रेस द्वारा आयोजित मौन धरने में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने इस घटना पर कहा कि यह भाजपा सरकार का सनातन आस्था पर सीधा और घिनौना प्रहार है।**



सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की बनाई मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करना उसी कड़ी का हिस्सा है, जब नरेंद्र मोदी की काशी विश्वनाथ कॉरिडोर परियोजना के नाम पर बनारस में सैकड़ों प्राचीन मंदिरों को रातोंरात जमींदोज कर दिया गया। काशी विश्वाथ मंदिर के पास, संकट मोचन क्षेत्र के प्राचीन शिवलिंग और अन्य सनातन धरोहरों को बुलडोजर से नेस्तनाबूद करने वाली यह हिंदू-विरोधी सरकार अब होलकर साम्राज्य की अमर विरासत पर भी कुल्हाड़ी चला रही है। मां अहिल्या की नगरी में गहरा आक्रोश है, अफसोस घटना के विरोध मे भाजपा के एक भी जनप्रतिनिधि का विरोध सामने नहीं आया। हम मांग करते हैं कि इस बर्बर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगे, दोषी अफसरों और नेताओं पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो, और देवी अहिल्या की धरोहर का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। कांग्रेस इस लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ेगी भाजपा को सनातन के नाम पर अब और जुल्म की इजाजत नहीं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के समापन पर उनकी विरासत का ऐसा घिनौना अपमान अत्यंत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो स्वयं वाराणसी से सांसद हैं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर बनारस की प्राचीन संस्कृति, मंदिर परंपरा और सनातन धरोहर को लगातार कुचल रहे हैं। मणिकर्णिका घाट को तोड़ा जाना भाजपा का हिंदू संस्कृति और सनातन आस्था पर सीधा प्रहार है। मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि इंदौर शहर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री एवं वाराणसी प्रशासन से इस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण की ठोस गारंटी देने की मांग की है। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़कों से लेकर संसद तक डटकर संघर्ष करेगी और जब तक काशी की विरासत की रक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक आंदोलन नहीं थमेगा ।

# सशस्त्र सेना वेटरंस दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी में वेटरंस दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर जिले की वीर माताओं, द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों की विधवाओं एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। समारोह में अतिथियों द्वारा सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस के बारे विस्तृत जानकारी दी एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय ने बताया कि यह दिवस प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा के सम्मान एवं उनकी यादगार सेवाओं की याद में मनाया जाता है।



उल्लेखनीय है कि फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा ने वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना का कुशल नेतृत्व किया था एवं देश को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा 14 जनवरी 1953 को सेवानिवृत्त हुए थे, अतः उनकी यादगार एवं साथ ही वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों के सम्मान हेतु यह आयोजन किया जाता है। आनरेरी कप्तान रघुवर दत्त शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# वार्ड 73 में आयोजित जल सुनवाई में शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वार्ड क्रमांक 73 में सैफी नगर गार्डन में नगर निगम अपर आयुक्त श्रीवास्तव, झोनल अधिकारी हेमंत मिश्रा, जगमोहन वर्मा, क्षेत्रीय पार्षद शाहिन सादिक खान एवं मजहर हुसैन सेठजी वाला की उपस्थिति में नागरिकों की पेयजल संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित जल सुनवाई में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा की गई दूषित पानी की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर बुरहानुद्दीन शकरुवाला, अली हुसैन रुबी, मजहर रेशम वाला भी उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद शाहिन सादिक खान ने कहा कि वार्ड के समस्त रहवासीयों को सदैव शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगें। मजहर हुसैन सेठजी वाला ने कहा कि जल सुनवाई जैसे आयोजन समय समय पर आयोजित होते रहना चाहिए।

# महिला रिश्तेदार ने किए महिला ज्योतिष पर अश्लील कमेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेन्द्र नगर में रहने वाली एक 55 साल की ज्योतिष महिला ने अपने ही रिश्तेदार महिला के खिलाफ मंगलवार को फेसबुक पर फोटो अपलोड कर उस पर आपत्तिजनक कमेंट्स लिखकर उसे वायरल करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का नंबर भी उस फोटो पर अपलोड कर दिया। इससे उन्हें गलत कॉल भी आने लगे। राजेन्द्र नगर पुलिस ने विज्ञान नगर में रहने वाली एक महिला ज्योतिष की शिकायत पर उसकी रिश्तेदार महिला उषा व्यास निवासी देवास के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल कर उसे धमकाने के मामले में एफआईआर की है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला ने शिकायत कर बताया कि उषा उसकी रिश्तेदार है। जो आए दिन किसी ना किसी बात पर मोबाइल पर काल कर उनसे विवाद करती है। कुछ दिन से उसके मोबाइल कॉल इसी कारण से उठाना बंद कर दिए। नवंबर में उन्हें पता चला कि उषा की रिश्तेदार महिला राधा के नाबालिग बेटे के फेसबुक आईडी पर उनके 6 फोटो अपलोड हुए हैं। इस पर अश्लील कमेंट्स, गलत व्यवसाय और ज्योतिष के नाम से ठगने वाली महिला होने की बात की गई। यही पोस्ट परिचितों के पास भेजी गई। इसके बाद उन्हें कॉल आने लगे। उन्होंने मामले में जानकारी निकाली तो पता चला कि उषा ने पूरी हरकत की है। उसे रिश्तेदार के माध्यम से समझाया लेकिन नही मानी। उसने इस पोस्ट को सार्वजनिक किया। इसके चलते मोबाइल भी पीड़ित महिला को बंद करना पड़ा। परेशान होकर उसने राजेन्द्र नगर थाने में मंगलवार को उषा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

# स्वास्थ्य, साहित्य, समाज सेवा के साथ मनाया जाएगा स्थापना महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गजासीन शनि धाम का पंद्रहवां स्थापना महोत्सव आगामी 15, 16 एवं 17 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 15 जनवरी को सुबह विभिन्न तेल से शनि देव का अभिषेक, 251 ध्वजा का पूजन कर शुभारंभ होगा। 16 जनवरी को सुबह शनि शांति यज्ञ प्रातः 8 से 12 तक रहेगा। संध्या 7 से पालकी यात्रा प्रति वर्ष अनुसार निकाली जाएगी। रात्रि 9 से साहित्य, कवियों का सम्मान और काव्य पाठ रहेगा।**

**दादू महाराज जन्मोत्सव पर आयोजन निरस्त-** शहर में हुई दुखद घटना के कारण इस



वर्ष 17 जनवरी जन्मोत्सव पर गीत संगीत, नृत्य के कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। साथ ही शिष्यों से अपील की गई है कि इस वर्ष पुष्प माला, बुके, शॉल, श्रीफल, ढोल, बैंड आदि भी लेकर नहीं आने, फ्लैक्स, बैनर नहीं लगाने की अपील की गई है। 17 जनवरी सुबह 8 से 12 शनि यज्ञ, 1 बजे पूर्णाहुति, आरती और संत समागम रहेगा। संध्या 7 से अन्नकूट प्रसादी का लाभ भक्त, शिष्य ले सकेंगे। वही दादू महाराज जन्मोत्सव पर सुबह 9 से 12 तक आयुष निर्माता संघ और अष्टांग आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर, दवाई वितरण का आयोजन किया जा रहा है। शाम को कुष्ठ रोगियों के आश्रम में भोजन का वितरण भी किया जाएगा।

# खेत में पत्नी-बच्चों को छोड़कर घर आया, फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में रहने वाले एक किसान ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार शाम को पत्नी और बच्चे जब खेत से लौटे, तो उन्होंने उसे फंदे पर लटका देखा। किसान खेत से लाइट सुधारने का कहकर घर आ गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। आत्महत्या के पीछे की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार, जम्मूडी हप्सी में रहने वाले किसान अर्जुन (35), पुत्र रामरतन मकवाना ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगा ली। अर्जुन की पत्नी और बेटी करीब 7 बजे घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। बड़े भाई को बुलाया गया और दरवाजा खोलने पर अर्जुन की सांसें चल रही थीं। उसे गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अर्जुन के परिवार वालों ने बताया कि वह शुरू से खेती-किसानी करता था। उसका एक बेटा और एक बेटी है, जो घटना के समय पत्नी के साथ खेत पर थे। आसपास के लोगों ने भी शाम के समय उसे लाइट सुधारते हुए देखा था।

**मणिकर्णिका घाट पर विरासत पर प्रहार**

# देवी अहिल्या द्वारा निर्मित हिस्सा ढहाया, इंदौर में भारी आक्रोश

**इंदौर। 254 साल पहले 1771 में देवी अहिल्या द्वारा वाराणसी में निर्मित मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को जमींदोज कर दिया गया है। यहां श्मशान घाट बनाए जाने के प्रोजेक्ट के चलते इसे तोड़ा गया है। इसे लेकर देवी अहिल्या के वंशज और समाज के लोगों में नाराजगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी क्षेत्र से सांसद हैं और उन्होंने 2023 में इसका भूमिपूजन किया था। यहां 18 करोड़ रुपए से विकास कार्य किये जाना है।**

यहां 29350 वर्ग मीटर एरिया में काम कराया जाना है। यहां मिट्टी दलदली है, इसलिए 15 से 20 मीटर नीचे तक पाइलिंग कराई गई है। सख्त मिट्टी तक पाइलिंग का काम किया गया है। ताकि बाढ़ में यहां के



निर्माण को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। दरअसल इस घाट की निगरानी देवी अहिल्या की संपत्तियों की देखरेख के लिए बने खासगी देवी अहिल्या बाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट द्वारा किया जाती है। इसके अध्यक्ष यशवंतराव होलकर हैं। उन्होंने इस मामले में बयान जारी कर कहा कि विकास कार्य आवश्यक हैं, लेकिन देवी अहिल्याबाई होलकर की दूरदर्शिता और विरासत को सुरक्षित रखते हुए ही होने चाहिए थे। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लापरवाही की जांच, दोषियों पर कार्रवाई, मूर्तियां ट्रस्ट को सौंपने और उनके पुनः प्रतिष्ठापन का आग्रह किया है। ढाई सौ वर्ष से ज्यादा प्राचीन मणिकर्णिका घाट काशी के 84 प्रमुख घाटों में शामिल है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी स्थान पर माता पार्वती की कणिका (कान की मणि) गिरी थी, जिससे इसका नाम मणिकर्णिका पड़ा। घाट पर पारंपरिक पत्थर की सीढ़ियां, धार्मिक प्रतीक व शिल्पकला के अवशेष मौजूद हैं। देवी अहिल्या ने यहां तीर्थ यात्रियों के लिए कई सुविधाएं विकसित कराई हैं। वाराणसी प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर इंदौर में आक्रोश है। विरोध में धनगर समाज, पाल, बघेल समेत कई समाजों ने 15 जनवरी को बैठक प्रस्तावित है। इसमें रणनीति तय की जाएगी। समाज का कहना है कि अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के समापन पर उनकी विरासत का ऐसा अनादर आहत करने वाला है।

# 17 जनवरी को इंदौर आएंगे राहुल गांधी

**दूषित पानी से मृत लोगों के परिजन से मिलेंगे**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। इस दिन कांग्रेस मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी।**

प्रदेश के हर ब्लॉक में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सामूहिक उपवास रखेंगे। साथ ही गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे। इस दौरान इंदौर जल कांड में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि राहुल गांधी के इंदौर आगमन की तारीख एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) की तरफ से तय हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसकी पुष्टि कर दी है। इंदौर में दूषित पानी के कारण अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मामले को लेकर एमपी कांग्रेस ने 11 जनवरी को इंदौर में न्याय यात्रा का आयोजन किया था। यात्रा में इंदौर और आसपास के 200 किलोमीटर क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष शामिल हुए थे। इस यात्रा में जितेंद्र पटवारी, उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

दूषित पानी के मामले में मंगलवार को डायरिया के 5 और मरीज सामने आए हैं। हालांकि गंभीर नहीं होने से उन्हें सामान्य ट्रीटमेंट ही दिया गया। अस्पताल में एडमिट मरीज 39 से घटकर 33 हो गए हैं। इनमें से 10 आईसीयू में हैं। इनमें से तीन मरीज लंबे समय से वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत में खास सुधार नहीं हुआ है। जो मरीज वेंटिलेटर पर हैं उनके नाम एकनाथ सूर्यवंशी, पार्वतीबाई और हीरालाल हैं। तीनों ही बुजुर्ग हैं। अन्य मरीजों की हालत में कुछ सुधार है। इस मामले में अब तक 436 मरीज एडमिट हुए। इनमें से 23 की मौत हो गई, जबकि 403 को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# वर्ष 2026 की शुरुआत में प्रदेश ने रचा बिजली आपूर्ति का नया कीर्तिमान

**मकर संक्रांति पर्व पर 19,895 मेगावाट अधिकतम मांग की निर्बाध आपूर्ति**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। वर्ष 2026 की शुरुआत मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रही। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर प्रदेश ने अब तक की सर्वाधिक विद्युत मांग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्व के दिन प्रातः 10 बजकर 36 मिनट पर प्रदेश में 19,895 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग दर्ज की गई, जिसे विद्युत कंपनियों के उत्कृष्ट समन्वय से बिना किसी व्यवधान के पूरा किया गया।**

इस दौरान प्रदेश की समस्त विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनियों ने समन्वित प्रयास करते हुए 19,895 मेगावाट की मांग की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे आम नागरिकों को पर्व के दिन लगातार और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध रही।

### प्रदेश में बिजली मांग की स्थिति

एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के मुख्य अभियंता श्री प्रदीप सचान ने बताया कि अधिकतम मांग के समय मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर एवं रीवा संभाग) में 5380 मेगावाट, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल एवं ग्वालियर संभाग) में 6382 मेगावाट तथा पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर एवं उज्जैन संभाग) में 7780 मेगावाट की मांग दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त सेज एवं रेलवे क्षेत्रों में 353 मेगावाट विद्युत मांग रही।

### इस तरह सुनिश्चित हुई आपूर्ति

रिकॉर्ड मांग की पूर्ति के समय प्रदेश के ताप विद्युत गृहों से 3369 मेगावाट, जल विद्युत गृहों से 1450 मेगावाट, प्रदेश में स्थित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 1466 मेगावाट उत्पादन था। एनटीपीसी, बैंकिंग एवं अन्य स्रोतों से कुल 13610 मेगावाट बिजली प्राप्त की गई।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी बधाई

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश की सभी विद्युत कंपनियों और विद्युत कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम, तकनीकी दक्षता और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अधिकतम मांग के समय प्रदेश के सभी उत्पादन केन्द्रों, ट्रांसमिशन लाइनों एवं सबस्टेशनों से पूर्ण समन्वय के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

**बाइक सवार को टक्कर मारी...**

# शुक्ला ब्रदर्स की बस में आग लगाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विधायक गोलू शुक्ला की बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे गुस्साई भीड़ ने बस में आग लगा दी। अफरा-तफरी मची तो फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। घटना पटेल ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है। फायर ब्रिगेड कर्मचारी के मुताबिक, छोटी ग्वालटोली के आगे शुक्ला ब्रदर्स की बस में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को भेजा गया। जब टीम पहुंची तो बस से काफी ऊंची लपटें निकल रही थीं। फायर ब्रिगेड के एसआई शोभाराम मालवीय ने बताया, एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। ड्राइवर अभी मौके पर नहीं मिला है। संभवतः वह बस में आग लगने के बाद गाड़ी से उतरकर बाहर आ गया हो। तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव के मुताबिक, एक बाइक को बस ने टक्कर मारी थी, इसके बाद बस में आग लग गई। बाइक सवार को ज्यादा चोट नहीं आई है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है।

# पिता के दोस्त ने किया बैड टच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लसूडिया में एक नाबालिग लड़की के साथ उसके घर में घुसकर पड़ोसी ने छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि 14 साल की नाबालिग की शिकायत पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि युवक उसके पिता का दोस्त है और उस पर बुरी नजर रखता था। 11 जनवरी को वह कुल्हाड़ी लेने घर आया था और कुल्हाड़ी लेकर चला गया। दोपहर में पीड़िता बेड पर लेटी हुई थी, तभी बाहर से अचानक युवक कमरे में आ गया। उसने कुल्हाड़ी रखने के बारे में पूछा, तो पीड़िता ने दरवाजे के पास रखने की बात कही। पीड़िता को लगा कि वहां से चला गया है, लेकिन अचानक वह बिस्तर के पास आ गया और आरोपी उसके साथ गलत हरकत करने लगा। जब वह चिल्लाई तो धमकाने लगा। उसने रुपए देने की बात कही और कहा कि वह यह बात किसी को न बताए। डर के चलते पीड़िता ने परिवार से बात नहीं की। मंगलवार को आरोपी ने पीड़िता को अकेला देखकर फिर से अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। इसके बाद पीड़िता ने अपने पिता को पूरे मामले की जानकारी दी और थाने जाकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# शादी नहीं होने से था तनाव में, जहर खा लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। खुडैल के देवगुराड़िया में रहने वाले सचिन (38), पुत्र किशोर मालवीय ने अपने घर में जहर खा लिया। मंगलवार रात में तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार के लोगों ने बताया कि सचिन लांड्री का काम करता था। परिवार में एक बड़ा भाई और माता-पिता हैं। सचिन की काफी समय से शादी नहीं हो रही थी, जिसके चलते वह डिप्रेशन में था। दोपहर में उसने जहर लिया। जब परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, तब उसने तनाव में जहर खाने की बात कही। हालांकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# शादीशुदा बेटी की गोली मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी**। भिंड में एक शख्स ने अपनी 21 साल की शादीशुदा बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। उसे रात में सरसों के खेत में ले जाकर कट्टे से सीने में फायर किया। युवती की एक महीने पहले ग्वालियर में शादी हुई थी। इसके कुछ दिन बाद वह शॉपिंग का बहाना बनाकर प्रेमी के साथ भाग गई। इसी से नाराज होकर पिता ने बेटी को मौत के घाट उतार। घटना मेहगांव थाना क्षेत्र के खिरिया थापक गांव की मंगलवार शाम की है। मुन्नेश धानुक ने बेटी निधि को गोली मार दी थी। युवती की मां ने पुलिस को इसकी सूचना दी। बुधवार सुबह पुलिस ने एक खेत से शव बरामद किया। पुलिस ने आरोपी पिता मुन्नेश को हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने कहा- बदनामी हो रही थी, इसलिए मार दिया।

# डंपर की टक्कर से मासूम के दो टुकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी**। टीकमगढ़ में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार 7 साल की मासूम के दो टुकड़े हो गए। वहीं एक महिला और युवक के पैर कट गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मुताबिक, जतारा थाना क्षेत्र के टानगा गांव निवासी किसना कुशवाहा (40) बुधवार दोपहर बाइक से लिधौरा ताल से टानगा जा रहे थे। उनके साथ बाइक पर गांव की 30 वर्षीय चमेली पत्नी दिनेश पाल, 7 साल की काव्या पाल और 5 साल का बालक बैठा था।

# बंद कमरे में मिले पिता-बेटे का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, एजेंसी**। कटनी के संजय नगर स्थित एक मकान में बुधवार शाम पिता और बेटे के शव संदिग्ध अवस्था में मिले। पुलिस की शुरुआती जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मऊ निवासी विजय कुमार राय और उनके बेटे आनंद कुमार राय के रूप में हुई है। विजय कुमार राय डीएबी से सेवानिवृत्त शिक्षक थे, जबकि आनंद कुमार राय शहर की एसीसी फैक्ट्री के डीएबी में निजी कर्मचारी के तौर पर कार्यरत थे। पड़ोसियों ने बताया कि जब काफी देर तक घर में कोई हलचल नहीं दिखी और संदेह बढ़ा, तब उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी।

# लावारिस मिठाई खाने से तीसरी मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव में होटल में छोड़ी गई लावारिस मिठाई खाने से बुधवार को तीसरी मौत हो गई। मंगलवार देर रात बीमार खुशबू को छिंदवाड़ा से नागपुर रेफर किया गया था। यहां इलाज के दौरान आज सुबह 6:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। उसके शरीर के सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जानकारी के अनुसार, पीएचई विभाग के पास स्थित एक होटल में कोई मिठाई की थैली छोड़ गया था। जब कोई थैली लेने नहीं लौटा तो पीएचई गार्ड दशरू यदुवंशी (53) ने मिठाई का डिब्बा निकाल लिया। उसने वहीं मौजूद सुंदर लाल कथूरिया (72), उनकी पत्नी संतोषी बाई और पोती खुशबू के साथ मिठाई खा ली। इसके बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। 11 जनवरी को गार्ड की मौत हो गई। इसके दो दिन बाद मंगलवार को सुंदर लाल ने दम तोड़ दिया। अब खुशबू (27) की भी जान चली गई। संतोषी बाई की हालत गंभीर है।

### मोदी सरकार चुनाव बाद भेदभाव नहीं करती

# मोहन यादव बोले-तेलंगाना सीएम और हम एबीवीपी के साथी रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार चुनाव के बाद राज्यों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करती। तेलंगाना इसका बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद थे। बातचीत में रेवंत रेड्डी ने खुद माना कि केंद्र सरकार से उन्हें सबसे ज्यादा सहयोग मिल रहा है।



सीएम हाउस में प्रगति पोर्टल और सीपीग्राम पोर्टल की जानकारी देने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. यादव ने कहा कि रेवंत रेड्डी और वे दोनों छात्र जीवन में एबीवीपी से जुड़े रहे हैं। आज वे कांग्रेस में हैं, लेकिन काम की प्रक्रिया और योजनाओं को लेकर मोदी सरकार के साथ कोई अड़चन नहीं आती। उन्होंने तेलंगाना–आंध्र प्रदेश के बंटवारे का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे आंध्र प्रदेश को अमरावती में नया इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने का मौका मिला, उसी तर्ज पर तेलंगाना में हैदराबाद के आसपास 30 हजार एकड़ का बड़ा विकास प्लान केंद्र सरकार की मदद से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे यह साफ होता है कि सरकार बनने के बाद सभी राज्य एक समान हैं, देश एक है और बड़े मन से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय विकास के मामलों में केंद्र और राज्य मिलकर काम करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

एक समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि पश्चिमी देश ही आधुनिक हैं और केवल वही आगे बढ़ सकते हैं, जबकि भारत जैसे देशों के लिए विकास संभव नहीं है। लेकिन भारत ने इस धारणा को तोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देश की राजनीतिक व्यवस्था में क्षरण हुआ और एक-दो दलों की सरकारों की जगह 20-24 दलों की संयुक्त सरकारें बनने लगीं। इसका दुष्परिणाम देश को भुगतना पड़ा। सीएम ने कहा कि पहले हालात ऐसे थे कि किसी राज्य में एक-दो रेल चलती थीं, तो राज्य रेल मंत्रालय पाने की होड़ में लग जाते थे। चाहे बिहार हो या पश्चिम बंगाल, सोच यह होती थी कि रेल मंत्रालय मिल जाए तो एक-दो नहीं, सौ रेलें चलवा लेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि बदलते दौर में यह सोच पूरी तरह बदल चुकी है। अब रेल मंत्रालय मांगने की राजनीति नहीं होती, बल्कि रेल बजट को मुख्य बजट में शामिल कर दिया गया है। यह अंग्रेजों की बनाई हुई व्यवस्था का अंत है। अंग्रेजों ने अपने हित में रेल व्यवस्था शुरू की थी और उस पर पूरा नियंत्रण अपने हाथ में रखा था। उस समय राज्यों के बजट से रेल का खर्च निकलवाया जाता था, लेकिन परिवहन से मिलने वाला पूरा लाभ अंग्रेज अपने पास रखते थे।

# पतंगबाजी में दो बच्चों की मौत...

## चाइनीज मांझे से 7 घायल: मकर संक्रांति पर इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश में 9 जगह हादसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर/उज्जैन/जबलपुर/खंडवा/खरगोन/नर्मदापुरमस एजेंसी। मकर संक्रांति पर मध्य प्रदेश में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से अलग-अलग जगह सात लोग घायल हो गए। इंदौर में चार, उज्जैन में दो और इटारसी में एक युवक घायल हुआ है, वहीं रीवा और पन्ना में पतंगबाजी के दौरान हुए हादसों में दो बच्चों की मौत हो गई।**

पहला मामला इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र का है। यहां तीन इमली इलाके में बाइक से जा रहे हेमराज चौरसिया का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेमराज चांदमारी ईंट का भट्टा में रहते हैं। पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। बुधवार को मांगलिया स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। दूसरा हादसा इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां नंदानगर निवासी महेश सोनी का चाइनीज मांझे से गला कट गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना भी इंदौर के जूनी इंदौर की है। यहां तिल्लौर निवासी प्रेम भंडारी दूध बांटने जा रहे थे, तभी जूनी इंदौर ब्रिज से जाते समय अचानक उनके सामने चाइनीज मांझा आ गया। उनके गले में 8 टांके लगाए गए हैं। चौथी घटना भी इंदौर की है। यहां चाइनीज मांझे से रामानंद नगर में रहने वाले घनश्याम वसुनिया के चेहरे पर चोट आई। उन्हें करीब 10 टांके आए हैं। घनश्याम के मुताबिक, वह खुद पतंग लेने जा रहा था, तभी सामने से मांझा आ गया। उसने बचने की कोशिश की, लेकिन दाढ़ी पूरी तरह से कट गई।

**उज्जैन में युवक का गला कटा, महिला भी घायल-** उज्जैन में भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से एक युवक का गला कट गया, जबकि एक महिला के दोनों पैर घायल हो गए। दोनों को चरक भवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं रीवा में मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय 15 वर्षीय कुश चौरसिया नाम का लड़का हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। पन्ना में भी 15 वर्षीय विभव सिंह पतंग उड़ाते समय चट्टान के किनारे संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। सिर में चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना शाम 6.30 बजे धरमपुर थाना क्षेत्र के इचोलिया की है।

### बागेश्वर धाम में दो युवतियों ने रचाई शादी, थाने में हुआ हंगामा

**छतरपुर, एजेंसी।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक चर्चित मामला सामने आया है, जहां दो बालिग युवतियों ने आपस में विवाह किया है। इसके बाद थाने में तनावपूर्ण माहौल बन गए। एक युवती के परिजनों ने दूसरी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा है। जानकारी के अनुसार बजरंग नगर निवासी अंजली रैकवार (उम्र 23 वर्ष), पिता आनंद रैकवार और दुर्गा कॉलोनी निवासी मोहिनी कुशवाहा (उम्र 21 वर्ष), पिता राकेश कुशवाहा के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से प्रेम संबंध था। दोनों एक-दूसरे के साथ रहना चाहती थीं। लंबे समय से शादी का निर्णय लेने की बात कह रही थीं। अंजली ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वे दोनों बालिग हैं और पूरी समझ-बूझ के साथ एक-दूसरे के साथ जीवन बिताना चाहती हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने म.प्र. में राष्ट्रीय परियोजनाओं की प्रगति की दी जानकारी

# मध्यप्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही डबल इंजन सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के प्रभावी समन्वय के फलस्वरूप आज देश में बुनियादी ढांचा विकास को गति मिल रही है। प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप (पीएमजी) और प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) प्लेटफार्म की शुरुआत होने से देश में अटकी हुई निवेश परियोजनाओं को पुनः सक्रिय किया गया है। इस संस्थागत व्यवस्था से केंद्र और राज्य के सभी हितग्राहियों को एक मंच पर लाकर निर्णय-निर्माण प्रक्रिया को तेज किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, स्पष्ट नीति-निर्देश एवं प्रो-एक्टिव गवर्नेंस से भी देश में दशकों से लम्बित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना संभव हुआ है। राजनैतिक आपाधापी के साथ, व्यवस्थाओं में हो रहे सुधार को समझना सभी के लिए आवश्यक है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व तथा केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार के प्रभावी समन्वय के परिणाम स्वरूप प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की उपलब्धियों मीडिया प्रतिनिधियों से साझा की। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) पर प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से प्रदेश में 209 बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली है। इनमें से 2 लाख 61 हजार 340 करोड़ निवेश वाली 108 केंद्रीय विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रदेश में अभी 5 लाख 24 हजार 471 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 101 परियोजनाएं क्रियान्वयन के अधीन हैं। केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश ने 97 प्रतिशत सफलता हासिल की है। इन परियोजनाओं में रेल मंत्रालय की 14, सड़क परिवहन मंत्रालय की 13, विद्युत मंत्रालय की 5 और नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर वन्यजीव पर्यटन योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीते अपना घर बना चुके हैं। धार के पीएम मित्र पार्क से कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच परस्पर समन्वय ही हमारी सबसे शक्ति है। जब विभाग आपस में समन्वय से काम करते हैं, तो विकास की रफ्तार दोगुनी हो जाती है।

## संपादकीय

# आपसी तालमेल से बचेगा समय और जनता का पैसा

केंद्र सरकार अब अपने मंत्रालयों और विभागों के बीच होने वाले वित्तीय विवादों को आपस में ही सुलझाने का इंतजाम कर रही है। अगले वित्त वर्ष से ऐसे विवादों के निपटारे के लिए अंतर-मंत्रालय पैनल बनाए जाएंगे, जहां ऐसे मामलों का समाधान निकाला जाएगा। इस तरह के प्रस्तावों की जानकारी रखने वाले अधिकारियों का कहना है कि यह कदम उन मामलों के लिए उठाया जा रहा है, जिसमें निजी पार्टी शामिल नहीं होगी। इस पैनल के बनने के बाद संबंधित सरकारी संस्थानों को कोर्ट जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्र सरकार ने वित्तीय विवादों को सुलझाने के लिए समयबद्ध तरीके से दो-स्तरीय सिस्टम तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी है। आपसी वित्तीय विवादों के निपटारे के लिए बनाए जा रहे नए फ्रेमवर्क को इसी हफ्ते कैबिनेट सचिवालय ने मंजूरी दी है और इसे अन्य मंत्रालयों के साथ साझा भी किया जा चुका है। उम्मीद है कि इससे सरकारी संस्थानों और सरकारी कंपनियों का विवाद आसानी से सुलझेगा, अदालतों पर भी बोझ घटेगा और जनता के खजाने पर दबाव भी कम होगा। वैसे अधिकारियों के मुताबिक इनकम टैक्स, कस्टम और रेलवे से जुड़े मामलों को इस नई व्यवस्था से दूर रखा जा रहा है। अगर तय किए गए पैनल से विवाद का समाधान नहीं होता है, तो मामला कैबिनेट सचिव के पास जाएगा और उनका फैसला इस मामले में अंतिम माना जाएगा। मतलब, इसके आगे अपील की संभावनाएं खत्म हो जाएंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, 'जब विभागों के अंदर ही विवादों का आसानी से समाधान हो सकता है तो कोर्ट में भीड़ क्यों लगाना और मामले को महीनों तक क्यों खींचना।' इससे विवादों का जल्द समाधान भी मिलेगा और विभागों और मंत्रालयों का उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। फरवरी 2025 में कानून मंत्रालय ने राज्यसभा को बताया था कि अदालतों में लंबित मामलों में करीब 7,00,000 केस में केंद्र सरकार पार्टी है। इनमें से भी अकेले 2,00,000 मामलों में वित्त मंत्रालय वादी है। अब जो पैनल बनाए जा रहे हैं, उनके लिए समय-सीमा की पाबंदी जरूरी होगी। मंत्रालयों की ओर से विवादों को 30 तीनों के भीतर पैनल को भेजना होगा, जिसे तीन महीने के भीतर फैसला देना है और उसका जो भी फैसला होगा, उसे महीने भर के अंदर तामील करनी होगी। इस प्रक्रिया की प्रगति को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा और एक रिपोर्ट हर महीने कैबिनेट को भेजी जाएगी। सरकारी संस्थाओं से कहा गया है कि जो भी विवाद लंबित हैं, उन्हें 31 मार्च तक वापस ले लें और नई व्यवस्था के तहत समाधान की कोशिश में जुट जाएं।




जैसे ही आप अपने अंदर मुड़ते हैं, जीवन के हर पहलू का समाधान मौजूद होता है।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# मकर संक्रांति आज

## घर के कुलदेवता को चावल, तिल, गुड़ होगा अर्पित
## प्रात:काल में दिव्य अर्घ्य से मिलेगी सूर्य की कृपा



रांची समेत आसपास के इलाकों में गुरुवार को मकर संक्राति की धूम रहेगी। तिल-गुड़ की मिठास के साथ लोग पवित्र नदियों-जलाशयों में आस्था की डुबकी लगाएंगे। वहीं, बहुत से लोग घरों में गंगाजल मिले पानी से पुण्यकाल का स्नान करेंगे। इसके साथ ही खरमास का समापन होगा और मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। सुबह से ही मंदिरों-घरों में पूजा की घंटियां बजेंगी।

### प्रात:काल में दिव्य अर्घ्य से सूर्य की प्राप्त होती है कृपा

मकर संक्रांति का शास्त्रीय नियम है कि प्रदोषकाल के बाद रात में किसी भी समय संक्रांति लगती है तो उसका पुण्यकाल दूसरे दिन होता है। स्नान दान के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण है। गंगा स्नान का विशेष महत्व है। गंगाजल को जल में मिलाकर स्नान करना पुण्दायक होता है। प्रातःकाल में दिव्य अर्घ्य देने से सूर्यनारायण की कृपा प्राप्त होती है।

### खिचड़ी का महत्व, प्रसाद के रूप में करेंगे ग्रहण

मकर संक्रांति के दिन तिलकुट के साथ दही और चूड़ा खाने की भी पुरानी परंपरा है। इसे खिचड़ी का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन पर्व की महत्ता खिचड़ी से है। लोग इस दिन उड़द की साबूत दाल के साथ चावल की खिचड़ी बनाकर ब्राह्मण को खिलाने के बाद प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

### घर के कुलदेवता को चावल, तिल, गुड़ किया जाएगा अर्पित

घर के कुलदेवता को चावल, तिल, तिलकुट और गुड़ का भोग अर्पित किया जाएगा। मकर संक्रांति पर भगवान की पहली पूजा होगी। पहाड़ी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस दिन इन मदिरों में विशेष रूप से प्रसाद का वितरण होगा। संक्रांति होने के साथ ही मांगलिक कार्य जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य आरंभ हो जाएंगे। राजधानी रांची के जानेमाने ज्योतिषाचार्य आचार्य कृष्ण ने कहा, संक्रांति 15 जनवरी को मन रही है। भगवान सूर्य ने 14 जनवरी की रात 9:19 बजे मकर राशि में प्रवेश किया है। इसके साथ ही सूर्य उत्तरायण हो चुके हैं। इसके साथ ही खरमास खत्म हो गया है।

### विशेष भोग

प्रभु जगन्नाथ स्वामी, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा आदि देवी-देवताओं की विशेष पूजा होगी, प्रसाद का विशेष भोग लगेगा।

## Uttarpradesh

# मकर संक्रांति का स्नान शुरू, 5 लाख लोगों के सरयू में डुबकी लगाने की संभावना, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**अयोध्या, (एजेंसी)** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आज अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ने की संभावना है। सुबह से ही यहां स्नान शुरू हो गया है। अभी भी भक्तों की टोलियां स्नान के लिए पहुंच रही हैं। मंदिर प्रशासनिक आकलन के अनुसार सरयू स्नान के लिए करीब पांच लाख श्रद्धालु राम नगरी पहुंच सकते हैं। तड़के सुबह से ही सरयू घाटों पर स्नान-दान का सिलसिला शुरू हो गया। उधर प्रशासन ने भी सुविधा व सुरक्षा के इंतजाम पूरे कर लिए हैं। नयाघाट पर मेला कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि अयोध्या समेत आसपास के



जिलों अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, गोंडा, बस्ती से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। मकर संक्रांति पर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को लेकर स्नान-दान का विशेष महत्व माना जाता है, इसी कारण श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं बुधवार को एकादशी तिथि पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई और मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। रामलला व हनुमंतलला के दरबार में लंबी कतारें लगी रहीं। नयाघाट पर मेला कंट्रोल रूम व खोया-पाया कैंप सक्रिय कर दिया गया है। यह सुविधा पूरे माघ मेला तक जारी रहेगी।

पंडित कौशल्यानंदन वर्धन ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व बृहस्पतिवार को ही मनाया जाएगा।

## New Delhi

### दिल्ली में गलन वाली ठंड!: गुरुग्राम पर घने कोहरे का कहर, विजिबिलिटी बेहद कम

#### IGI एयरपोर्ट पर कुछ फ्लाइट्स लेट



**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में आज सुबह घने से बहुत घने कोहरे ने राजधानी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया है। अक्षरधाम मंदिर सहित शहर के कई हिस्सों में सफेद चादर बिछी हुई नजर आ रही है। जिससे दृश्यता काफी कम हो गई है।**

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोहरे के चलते कम विजिबिलिटी के कारण कई उड़ानें विलंबित हो रही हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी फ्लाइट्स की लेटेस्ट जानकारी चेक करें। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, दर्जनों फ्लाइट्स पर असर पड़ा है, हालांकि ऑपरेशंस सीएटी III लो विजिबिलिटी प्रोसीजर के तहत चल रहे हैं।

दिल्ली-एनसीआर में धूप निकलने के बावजूद गलन वाली ठंड जारी है। बुधवार सुबह 8:30 बजे दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नोएडा में पारा 2.0 डिग्री, गाजियाबाद में 4.8 डिग्री, गुरुग्राम में 0.8 डिग्री और फरीदाबाद में 4.3 डिग्री सेल्सियस रहा। कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ।

फरीदाबाद में दो-तीन दिन मौसम साफ रहने के बाद बुधवार सुबह फिर छाया कोहरा वाहन चालकों को करना अपना परेशानी का सामना कोहरे के साथ ठंड भी बढ़ी जिसमें खासकर दोपहिया चालकों को परेशानी हुई।

## Rajasthan

### सास, पांच बहुएं और बेटी की एक साथ चली गई जान... अंतिम संस्कार से लौटते समय उजड़ गया पूरा परिवार

**फतेहपुर, (एजेंसी)** राजस्थान में एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया. फतेहपुर शेखावाटी में एक ही परिवार की सात महिलाओं की एक साथ मौत हो गई. यह हादसा इतना भयावह था कि जिसने भी दृश्य देखा, उसकी आंखें नम हो गईं. एनएच-52 पर हरसावा गांव के पास तेज रफ्तार कार पहले एक पिकअप से टकराई और फिर सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह पिचक गई. हादसे में सास, उनकी पांच बहुएं और बेटी ने मौके पर या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि चालक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए. फतेहपुर सदर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुरा गांव निवासी परिवार हाल ही में लक्ष्मणगढ़ गया था. परिवार की बुजुर्ग महिला मोहिनी देवी की ननद, लक्ष्मणगढ़ निवासी कैलाश देवी का निधन हुआ था. पूरा परिवार उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर शाम करीब चार बजे वापस गांव लौट रहा था. परिवार चार गाड़ियों में सवार था. तीन गाड़ियों में पुरुष बैठे थे, जबकि एक कार में महिलाएं और चालक मौजूद थे. किसी को अंदेशा नहीं था कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे आखिरी और सबसे दर्दनाक यात्रा बन जाएगी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हरसावा गांव के पास पहुंचते ही कार चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की. इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण कार का संतुलन बिगड़ गया. पहले कार पास से गुजर रही पिकअप से टकराई और फिर अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी.

## Uttarakhand

### बेटी से 12 साल रेप करने वाले वायुसेना कर्मी को कठोर सजा, 5 से 17 की उम्र तक दरिंदगी

**देहरादून, (एजेंसी)** देहरादून में अदालत ने बेटी को हवस का शिकार बनाने के मामले में एयरफोर्स कर्मी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने इसे विकृत कामुकता का मामला बताते हुए कहा कि ऐसे कृत्य बच्चों के विकास के लिए बेहद हानिप्रद हैं। जानकारी के अनुसार, दरिंदे ने अपनी बेटी को 5 साल की उम्र से शिकार बनाया और यह सिलसिला 17 साल की उम्र तक चलता रहा। दरिंदे की विकृत मानसिकता का आलम यह था कि दूर होने पर वह पीड़िता को वीडियो कॉल करके कपड़े उतारने के लिए मजबूर करता था। जिला अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता ने बताया कि जब वह पांच साल की थी तब से पिता उसे डरा-धमकाकर घिनौना कृत्य करता आ रहा है। उसने मथुरा, गुजरात और



देहरादून में पोस्टिंग के दौरान कई बार दुष्कर्म किया। जब वह ड्यूटी पर बाहर होता तो वीडियो कॉल कर कपड़े उतारने का दबाव बनाता। ऐसा न करने पर पीटने की धमकी देता। 17 वर्ष की उम्र में उसने यह बात मां को बताई। विशेष लोक अभियोजक अल्पना थापा ने बताया कि 17 नवंबर 2023 को रायपुर थाने में मां की शिकायत पर एयरफोर्स कर्मी पर केस दर्ज हुआ था।

## खेल

# न्यूजीलैंड का भारत में वनडे का सबसे सफल रन चेज

### भारतीय गेंदबाजों पर भारी पड़ी मिचेल-यंग की साझेदारी

**राजकोट।** डेरिल मिचेल के नाबाद शतकीय पारी और विल यंग तथा ग्लेन फिलिप्स की शानदार पारियों से न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में भारत को सात विकेट से हराया। भारत ने केएल राहुल के शतक की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने मिचेल के 117 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 131 रन की पारी के सहारे 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई। यह जीत न्यूजीलैंड के लिए कई मायनों में खास रही। यह 2023 के बाद भारत के खिलाफ वनडे में उनकी पहली जीत है, इससे पहले उन्हें लगातार आठ मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भारत में भी न्यूजीलैंड ने 2017 के बाद पहली बार वनडे मुकाबले में भारत को हराया है, जहां उसे लगातार आठ मैचों में शिकस्त मिली थी।



#### न्यूजीलैंड का वनडे में सबसे सफल रन चेज

लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद डेरिल मिचेल और विल यंग ने तीसरे विकेट के लिए 162 रनों की अहम साझेदारी कर मैच का रुख पलट दिया। यंग शतक से चूक गए और 98 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 87 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिचेल ने ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत तक पहुंचाया। फिलिप्स ने 25 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 32 रन बनाए। भारत की ओर से हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। रिकॉर्ड्स की बात करें तो, यह भारत में वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ सफल लक्ष्य पीछा 2017 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 281 रन का था। कुल मिलाकर भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड का यह पांचवां सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा, जिसमें 2020 में हैमिल्टन में 348 रन का रिकॉर्ड शीर्ष पर है। इसके अलावा राजकोट में यह पांच मैचों में पहली बार हुआ जब लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को जीत मिली।

#### केएल राहुल ने जड़ा शतक

इससे पहले, केएल राहुल की नाबाद शतकीय पारी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 285 रनों का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। केएल राहुल ने 92 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 112 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन बनाए। भारत के लिए राहुल के अलावा शुभमन गिल ने 56 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके।

## सिनेमा

# क्या है शिवकार्तिकेयन की 'पराशक्ति' फिल्म पर गहराया विवाद? कैंसिल हुए 600 शोज, धड़ाम गिरी कमाई




साउथ सुपरस्टार शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'पराशक्ति' रिलीज होते ही बड़े राजनीतिक विवाद में फंस गई. सुधा कोंगरा के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन रिलीज के कुछ ही दिनों में इस पर इतिहास से छेड़छाड़ और राजनीति को गलत तरीके से दिखाने के आरोप लगने लगे. फिल्म की कहानी तमिलनाडु में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ 1960 के दशक के आंदोलन के बैकग्राउंड पर बेस्ड है. इसी को लेकर तमिलनाडु यूथ कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया. संगठन का आरोप है कि फिल्म में 1965 के एंटी-हिंदी आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है. यूथ कांग्रेस का कहना है कि फिल्म में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं, खासकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, को नकारात्मक और 'विलेन' की तरह पेश किया गया है. विवाद की सबसे बड़ी वजह फिल्म के कुछ खास सीन हैं. एक सीन में दिखाया गया है कि 1965 में कांग्रेस सरकार ने पोस्ट ऑफिस में सिर्फ हिंदी फॉर्म लागू किए, जिसे यूथ कांग्रेस ने पूरी तरह झूठ बताया. एक और सीन में शिवकार्तिकेयन का किरदार इंदिरा गांधी से मुलाकात करता है, जिस पर संगठन ने आपत्ति जताई.

## Highlights

1. RJD will merge with my party JJD: Tej Pratap Yadav
2. Pleasantly surprised by response: Railway official on 'toilet manners' remark
3. B'luru Police arrests 16 B'deshi illegal immigrants after viral video
4. 3 die after consuming sweets from abandoned bag in MP, poisoning suspected
5. Using water as weapon against humanity: Mufti on suspension of IWT

# PM Modi to address National Startup Day event on Friday



**NEW DELHI, (Agency).** The government plans to involve big private firms in hand-holding youth to encourage next-generation technopreneurs in areas such as deep tech and artificial intelligence (AI), a top government official said on Wednesday.

"When 'Startup India' initiative was launched by the Prime Minister in 2016, India had some 400 startups. Today, India has over 2 lakh DPIIT-recognised startups," the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) secretary Amardeep Singh Bhatia said ahead of the National Startup Day on Friday.

Prime Minister Narendra Modi will inaugurate the main event. Almost a year after coming into the power, PM Modi in his Independence Day speech on August 15, 2015 had spoken about promoting entrepreneurship at the grassroot through 'Startup India' campaign and launched the 'Startup India' initiative on January 16, 2016 with an aim to transform India into a country of job creators instead of job seekers. According to a DPIIT statement, startups have generated over 2.1 million jobs. Bhatia said the next focus of the initiative is to nudge corporates for their active engagement with startups to nurture budding entrepreneurs in providing innovative solutions to their businesses and thus develop a cost-effective, mutually-beneficial supply chain, he said. Using AI and deep tech, technopreneurs would build customised solutions and innovative products for big companies, and integrate them into supply chains. This would not only help companies to reduce their manufacturing costs, but also create a high-tech ecosystem in the country. He said several memoranda of understanding (MoUs) have been signed by DPIIT with companies for this collaboration. "We have been pushing corporates to deepen their engagements with startups... Companies can outsource problems to startups," he said while talking about the National Startup Day, to be observed on January 16. Explaining the policy push to create a large startup ecosystem, DPIIT joint secretary Sanjiv said the success lied in the government's role as an enabler by simplifying rules, opening doors to funding, providing platforms like mentorship support, international recognition and most importantly, by sending a clear message -- India believes in its entrepreneurs.

# Telecom sector urges sharp cut in licence fee ahead of budget

**NEW DELHI, (Agency).** The telecom industry has urged the finance ministry to sharply cut licence fees and temporarily pause mandatory contributions to the Digital Bharat Nidhi in the upcoming Union Budget, saying the current regulatory levies are limiting its capacity to invest in next-generation networks.

According to recommendations submitted ahead of the Budget, the industry wants the licence fee, currently at 3% of adjusted gross revenue (AGR), to be between 0.5% and 1%, and the 5% AGR contribution to the Digital Bharat Nidhi to be temporarily halted.

"The License Fee, which is a combination of the License (3% of AGR) and Digital Bharat Nidhi Contribution (5% of AGR), is a huge financial burden for the Licensed Telcos," as per a submission by the Cellular Operators Association of India (COAI), the industry body representing private telecom operators, including Reliance Jio, Bharti Airtel and Vodafone Idea.

It added that the Digital Bharat Nidhi contribution "should be paused for the time till the unused corpus has been completely utilized by the Department of Telecommunications," as per the statement by COAI director general Lt Gen Dr SP Kochhar.

The association said the sector has been advocating measures that would "reduce the sector's financial burden, thereby enabling further expansion and rollout of next-generation connectivity to achieve the goal of a Viksit Bharat". The industry body has also flagged persistent goods and services tax (GST) issues, particularly the accumulation of input tax credit (ITC). "With a vast sum of money being accumulated in the ecosystem," COAI recommended special relief under GST, including exemption of GST on regulatory payments such as licence fees (LF), spectrum usage charges (SUC) and auctioned spectrum.

# चाइनीज मांझे की चपेट में आए 4 लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में चाइनीज मांझे से बुधवार को कुछ ही घंटों में चार लोग चपेट में आ गए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराय गया है। हेमराज रविन्द्र चौरसिया के रूप में घायल की पहचान हुई है।**

हेमराज रविंद्र चौरसिया, 115 चांदमारी ईंट का भट्टा का निवासी है। वह पेट्रोल पंप पर काम करता है। वहां से छुट्टी हो गई थी और मांगलिया स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, घटना तीन इमली क्षेत्र की बताई जा रही है। यहां बाइक से जाते समय युवक का डोर से गला कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, युवक को निजी



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरा हादसा परदेशीपुरा में हुआ। यहां नंदानगर निवासी महेश सोनी को चाइनीज मांझे से गले में चोट आई है। उन्हें किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना जूनी इंदौर से सामने आई है। घायल प्रेम भंडारी, निवासी तिल्लौर है, जो दूध बांटने का काम करता है। जूनी इंदौर ब्रिज से जाते समय अचानक बाइक के सामने डोर आ गई। उन्होंने अपना बचाव किया, जिसमें गले के पास चोट लग गई। हादसे में उन्हें 8 टांके आए हैं। रामानंद नगर में रहने वाले माधव पुत्र घनश्याम वसुनिया के चेहरे पर चाइनीज डोर से चोट आई है। उसे करीब 10 टांके आए हैं। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वह निजी अस्पताल के लिए रवाना हो गया। उसने बताया कि वह स्वयं पतंग लेने जा रहा था, तभी सामने से डोर आ गई। उसने बचने की कोशिश की, लेकिन दाढ़ी पूरी तरह कट गई।

## अस्पताल में ऑटो चालक ने की तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महाराणा प्रताप अस्पताल में एक ऑटो चालक ने जमकर हंगामा करते हुए अस्पताल के गेट और रिसेप्शन के कांच तोड़ दिए। आरोपी ने एक महिला फार्मासिस्ट के साथ बदसलूकी भी की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार, महालक्ष्मी नगर निवासी श्वेता सराफ महाराणा प्रताप अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। उनके पति चंदन सराफ डॉक्टर हैं। आरोपी सतीश उर्फ गोलू पिता सुरेशचंद्र जैन प्रतिदिन श्वेता को ऑटो से अस्पताल लाने-ले जाने का काम करता था। दो दिन पहले श्वेता ने सतीश को यह काम करने से मना कर दिया था, जिससे वह नाराज चल रहा था। मंगलवार को सतीश अस्पताल पहुंचा और श्वेता से विवाद करने लगा। जब मौजूद लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की तो उसने गुस्से में आकर अस्पताल के रिसेप्शन और मुख्य गेट के कांच तोड़ दिए। घटना के बाद अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धमकी देने, अपशब्द कहने और अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेत में पत्नी-बच्चों को छोड़कर घर आया, फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में रहने वाले एक किसान ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार शाम को पत्नी और बच्चे जब खेत से लौटे, तो उन्होंने उसे फंदे पर लटका देखा। किसान खेत से लाइट सुधारने का कहकर घर आ गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। आत्महत्या के पीछे की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार, जम्मूडी हप्सी में रहने वाले किसान अर्जुन (35), पुत्र रामरतन मकवाना ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगा ली। अर्जुन की पत्नी और बेटी करीब 7 बजे घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। बड़े भाई को बुलाया गया और दरवाजा खोलने पर अर्जुन की सांसें चल रही थीं। उसे गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अर्जुन के परिवार वालों ने बताया कि वह शुरू से खेती-किसानी करता था। उसका एक बेटा और एक बेटी है, जो घटना के समय पत्नी के साथ खेत पर थे। आसपास के लोगों ने भी शाम के समय उसे लाइट सुधारते हुए देखा था। अर्जुन के माता-पिता धार में रहते हैं, जहां उसकी मां का उपचार चल रहा है।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक